कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

1. श्री रामफूल मीना पुत्र श्री भौरीलाल मीना निवासी डाबरकलां तहसील रामगढ पचवारा जिला दौसा राज0 ।

बनाम

1. लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा

अपील सं0 54/2019

<u>निर्णय</u> दिनांक : 01.1.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0/ कोर्ट/ आरटीआई/2019/2894 दिनांक 10.12.2019 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा द्वारा तहसीलदार रामगढ पचवारा को पत्रांक आरटीआई/2019/1114 दिनांक 16.12.2019 द्वारा निर्देशित करने पर तहसीलदार रामगढ पचवारा द्वारा अपीलांट को सूचना प्रेषित की जाकर पृष्ठांकित प्रति पत्रांक 3014 दिनांक 26.12.2019 सूचनार्थ इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। लोक सूचना अधिकारी अति0 जिला कलक्टर दौसा द्वारा भी सूचना अपीलांट आवेदक श्री रामफूल मीना को प्रेषित करते हुए पृष्ठांकित प्रति पत्रांक 1196 दिनांक 30.12.2019 इस कार्यालय को भिजवाई गई है। जिससे स्पष्ट है कि उक्त पत्र में अंकितानुसार आवेदक को लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा द्वारा सूचना प्रेषित की जा चुकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official